भारत के राष्ट्रपति
श्री राम नाथ कोविन्द जी का
राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर अभिभाषण

नई दिल्ली, जनवरी 25, 2018

1. राष्ट्रीय मतदाता दिवस भारतीय लोकतंत्र के लिए महत्त्वपूर्ण दिन है और इस शुभ अवसर पर भारतीय चुनाव आयोग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भाग लेना मेरे लिए खुशी की बात है। गणतंत्र राष्ट्र बनने के एक दिन पहले स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं मज़बूत चुनाव आयोग की स्थापना हमारे लोकतंत्र की ताकत को दर्शाता है। 25 जनवरी, 2011 से मनाते आ रहे राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य भारतीय मतदाताओं को लोकतांत्रिक राजनीतिक प्रक्रिया में सक्रिय भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। और यही कारण है कि गणतंत्र दिवस से पहले इस दिन की प्रासंगिकता बेहद सटीक बैठती है। इस अवसर पर मैं देश के सभी मतदाताओं को और पहली बार मतदान का अधिकार प्राप्त करने वाली अपनी युवा पीढ़ी को बधाई देता हूं।
2. चुनाव में वोट देना गणतंत्र में यज्ञ की तरह है जहां हर एक वोट आहुति के समान है। यह आयोजन हम सभी भारतवासियों को अपने देश के प्रति कर्तव्य की याद दिलाता है कि हर एक वोट जरूरी है और हर वयस्क नागरिक के लिए मतदान करना जरूरी है। लोकतंत्र के प्रतीक भारतीय संविधान में स्वतंत्र चुनाव आयोग व चुनाव प्रक्रिया की अवधारणा समानता व स्वतंत्रता के अधिकार के साथ हर व्यक्ति के वोट को महत्त्वपूर्ण बनाती है। और इसी वजह से भारतीय लोकतंत्र संपूर्ण विश्व में अपनी परिपक्वता व स्थिरता के लिए जाना जाता है। इसका सारा श्रेय भारतीय मतदाता को जाता है। और मतदाता को यह शक्ति दी है हमारे संविधान ने। विश्व के विकसित देशों ने अपने देश के मतदाताओं पर भरोसा करने में वर्षों लगाए, कई आन्दोलन किए लेकिन हमारे संविधान ने एक ही बार में वयस्क मताधिकार लागू कर देश के मतदाताओं में भरोसा व्यक्त किया। इसके लिए हम सब देश के निवासी आज संविधान निर्माताओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं।
3. भारत की राजनैतिक व्यवस्था एवं प्रत्येक आम चुनाव में भारतीय मतदाताओं ने हमारे संविधान निर्माताओं के इस भरोसे को हमेशा मज़बूत किया। निर्वाचन आयोग ने इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। मैं सभी राज्य व जिला निर्वाचन अधिकारियों को भी इस अवसर पर मतदाता जागरुकता अभियान के लिए बधाई देता हूं। आज निर्वाचन में सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित

किया गया है, मैं उन्हें भी बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि वे देश के सफल व निष्पक्ष चुनाव अभियान में अपना सार्थक योगदान देते रहेंगे। निर्वाचन आयोग की यह पहल प्रशंसनीय है। चुनाव आयोग की तरफ से मतदाता जागरुकता हेतु कई अन्य पहल जैसे कि Interactive School Engagement, ECI की राष्ट्रीय चुनाव क्विज एवं शैक्षिक संस्थानों मे चुनावी साक्षरता क्लब उपयोगी कदम है। संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से चुनाव आयोग की दक्षता एवं प्रभावकारिता में और सुधार हुए हैं। साथ ही चुनाव आयोग की समावेशी योजना से Voter turn out के साथ-साथ मतदाता के विश्वास को और अधिक मज़बूती मिली है।

4. आज भारतीय निर्वाचन आयोग की पूरे विश्व में साख बनी है। मुझे खुशी है कि आज ई-प्लेटफार्म के माध्यम से मतदाता शिक्षा हेतु की गई पहल से भारतीय चुनाव आयोग की पहचान वैश्विक स्तर पर कायम है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में स्वतंत्र निष्पक्ष निर्वाचन हेतु निर्वाचन आयोग की कटिबद्धता हमारे लिए गौरव की बात है। निरन्तर व्यापक सुधार की दिशा में मतदाता पहचान पत्र भी एक क्रान्तिकारी कदम है। तकनीक का उपयोग कर प्रत्येक मतदाता को मतदाता पहचान पत्र प्रदान करना भारत जैसे बड़े लोकतंत्र के लिए मील का पत्थर है।

5. राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने के पीछे एक विचार यह भी है कि पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं को मतदान प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया जाए लेकिन मेरी युवा वर्ग से अपेक्षा इससे ज्यादा है। हमेशा युवा वर्ग ने आगे आकर देश के नेतृत्व में अपना हाथ बंटाया है, अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। हर स्तर पर आपका प्रतिनिधि आपकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने वाला हो, देश को सही दिशा में ले जाने वाला हो। इसके लिए अपने समाज को जागरुक और सावधान बनाने का जिम्मा हर एक युवा को लेना है। जितना निजी जीवन में सावधानी से चीजों का चुनाव करते हैं उतनी ही सावधानी हम अपने प्रतिनिधि का चुनाव करते समय दिखायें। हमारे वरिष्ठ नागरिकों से भी आग्रह करता हूं कि वे अपने वोट के ज़रिए अपने अनुभव से अपनी पसन्द और नापसन्द प्रकट करें एवं युवावर्ग को सही रास्ता दिखाने की जिम्मेवारी लें।

6. भारतीय निर्वाचन आयोग तथा देश के सभी मतदाताओं को मैं आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शुभकामनाएं देता हूं। और उम्मीद करता हूं कि देश का हर एक नागरिक सजग होकर, जागरुक होकर संविधान प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग कर मतदान करें तथा औरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। अपने प्रतिनिधि की सही परख कर सही वोट देकर देश के विकास में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाएं।

7. अंत में एक बार फिर से आप सभी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर ढेर सारी शुभमानाएं देता हूं। चुनाव आयोग व पुरस्कृत अधिकारियों को बधाई देते हुए उनकी कर्मठता एवं निष्पक्ष निर्वाचन प्रणाली हेतु उनके योगदान की सराहना करता हूं।

धन्यवाद,
जय हिन्द।